# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 08 /पी0ए0/प0नि0/एम0एस0यू0/2025–26 दिनांक : 07/08/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय।

महोदय/महोदया,

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 06.08.2025 में परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम सम्बन्धी कतिपय निर्णय लिये गये, जो निम्नानुसार है–

(i) " अ) एन0ई0पी0–2020 से आच्छादित बी0ए0/बी0कॉम0/ बी0एस.सी0 पाठ्यक्रमों में स्पेशल बैक परीक्षा निम्नलिखित शर्तों के अनुसार कराने की अनुमति प्रदान की गई–

1. केवल ऐसे एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस.सी0 छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके/हो रहें हैं, ही विशेष बैक परीक्षा हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर के केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्रों को अपने दोनों वर्षों के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा। ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।
5. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
6. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
7. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था, उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। बैक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

ब) एन0ई0पी0 से आच्छादित स्नातक परीक्षा के परीक्षार्थियों को अधिकतम 05 अंक का कृपांक (Grace) किन्हीं भी दो विषयों (मुख्य(Major)/गौण (Minor)/को कैरिकुलर/कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course)) में दिये जाने की संस्तुति की गयी।

स) परीक्षा समिति द्वारा बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में स्पेशल बैक परीक्षा निम्नलिखित शर्तों के अनुसार कराने की अनुमति प्रदान की गई--

1. केवल ऐसे बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में प्रवेश लिया था तथा जिनके सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके/हो रहें हैं, ही विशेष बैक परीक्षा हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर की विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर के केवल दो पेपर कोड का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही प्रश्न पत्र के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा।
4. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन पेपर कोड का चयन किया था, उन्हीं पेपर कोड की बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। बैक पेपर में पेपर कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

द) एन0ई0पी0 से आच्छादित स्नातकोत्तर परीक्षा के परीक्षार्थियों को दो पेपर कोड में अधिकतम 05 अंक का एवं एक पेपर कोड में अधिकतम 03 अंक का कृपांक (Grace) दिये जाने की संस्तुति की गयी। ''

(ii) '' बी0एस.सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम की केवल आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्रों को एक मौका देते हुये उनकी आन्तरिक परीक्षा पुनः कराने तथा प्रयोगात्मक परीक्षा का एक अवसर देने का निश्चय किया गया। भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण को उदाहरण न बनाये जाने का निश्चय किया गया। ''

कृपया उपरोक्तानुसार अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुये कार्यवाही करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. कुलसचिव।
2. वित्त अधिकारी।
3. उप कुलसचिव।
4. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक/गोपनीय/परीक्षा)।
5. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी– परीक्षा विभाग/अतिगोपनीय।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय से कि सम्बन्धित पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रकाशित कराया जाना सुनिश्चित करें।
8. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशन के अनुरोध सहित प्रेषित।

15.07/8/2025

सहायक कुलसचिव